>

Title: Need to introduce a train service with sufficient passenger bogies between Merta Road Junction and Merta City in Rajasthan.

श्री गोपाल सिंह शेखावत (राजसमंद) : मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उत्तर-पश्चिमी रेलवे के जोधपुर डिवीजन में स्थित मेड़ता रोड़ जंक्शन से मेड़ता सिटी शहर तक एक 15 किलोमीटर की रेल लाइन पर वर्तमान समय में एक रेल यात्री सुविधा के नाम पर चल रही है। दर्जनों रेलगाड़ियां दिन-रात मेड़ता रोड़ जंक्शन पर बीकानेर, जोधपुर तथा जयपुर होती हुई देशभर में जाती हैं। इन रेलों से प्रतिदिन हजारों यात्री मेड़ता सिटी आते हैं। आमान परिवर्तन से पूर्व इस सेक्शन पर एक कई डिब्बों की गाड़ी पूरे दिन आती-जाती रहती थी परंतु अब आमान परिवर्तन के बाद एक रेल कुछ फेरों के साथ चल रही है जो जरूरत के मुताबिक पर्याप्त नहीं है। लोगों को काफी तकलीफ हो रही है एवं आए दिन यात्रियों में मारपीट तथा महिलाओं को तकलीफ होती है।

इस संबंध में सरकार से मेरी प्रार्थना है कि पूर्व की तरह इस रेल लाइन पर अधिक डिब्बों वाली रेलगाड़ी चलाई जाए।